मेरठ कॉलेज, मेरठ

कॉलेज पत्रिका छपाई/प्रकाशन हेतु निविदा/टेन्डर–सूचना

पत्रांक 360/XXVII-1

दिनांक 13/4/2023

निम्नलिखित शर्तो के आधीन मेरठ कॉलेज पत्रिका "अभिव्यक्ति" 2022–23 की छपाई/प्रकाशन हेतु सील्ड निविदायें दिनांक 08.05.2023 सांय् 04:00 बजे तक निम्न प्रतिबन्ध के आधीन केवल पंजीकृत फर्मो द्वारा आमंत्रित की जाती है। प्राचार्य, मेरठ कॉलेज, मेरठ के नाम से ई–कोटेशन/पंजीकृत डाक द्वारा श्री आनन्द सिंह रावत सम्बन्धित लिपिक मुख्य कार्यालय के पास निर्धारित अवधि में प्राप्त हो जानी चाहिये। कृपया लिफाफे के ऊपर निविदा "अभिव्यक्ति" 2022–23 अवश्य अंकित करें।

1. पत्रिका की कुल प्रतियॉ — 7,000
2. पत्रिका का साईज — 10.5 × 8.5
3. छपाई के पृष्ठो की संख्या — 80 (दो रंग)
4. बहुरंगीय पृष्ठो की संख्या — 80
5. बहुरंगी मुख्य/पृष्ठ — 04 पृष्ठ
6. टाईप का प्रकार — 10/12 प्वाइंट हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू व संस्कृत
7. समस्त आन्तरिक पृष्ठ आर्ट पेपर पर 90 ग्राम ग्लॉसी फिनिश के कागज पर होगी।
8. 'बहुरंगीन मुख्य पृष्ठ 300 ग्राम वजन आर्ट पेपर ग्लॉसी फिनिश के कागज पर होगी। मुख्य पृष्ठ की लेमिनेट करनी होगी।
9. पहला प्रूफ एक बार पढा हुआ सातवें दिन सम्पादक को दिया जायेगा। दूसरा प्रूफ सम्पादक द्वारा पढने के बाद 5 दिन में देना होगा। समस्त प्रूफ सम्पादक द्वारा निर्दिष्ट स्थान से एकत्र करने होंगे।
10. प्रूफ पृष्ठ की सज्जा करके देना होगा।
11. जब तक प्रूफ मुख्य सम्पादक/सम्पादक द्वारा अन्तिम रूप से त्रुटि रहित घोषित नही होगा, प्रिंट आर्डर नही दिया जायेगा।
12. फाईनल प्रिंटआउट मुख्य सम्पादक की स्वीकृति पर ही निकलेगा। इसके साथ ही पत्रिका में प्रकाशित सम्पूर्ण सामग्री की पांडुलिपि मुख्य सम्पादक को वापिस करनी होगी।
13. फाईनल प्रिंटआउट 1200 डी0पी0आई0 में रंगीन लेजर बांड पेपर पर होगा।
14. प्रूफ फाईनल होने के 15 दिन में पत्रिका तैयार करके देनी होगी। प्राचार्य द्वारा विशेष कारण स्वीकार किये जाने पर समय में किंचित छूट दी जा सकती है।
15. **समस्त छपाई एक ही लॉट के पेपर पर होगी।**
16. पत्रिका की जिल्दबन्दी अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिये, इसकी स्वीकृति मुख्य सम्पादक द्वारा की जायेगी।
17. अपनी पूर्व प्रकाशित सामग्री की प्रतियां निविदा के साथ संलग्न करें।
18. बहुरंगीन छपाई उनके कलर प्रूफ फाईनल कराने के बाद ही की जायेगी।
19. तैयार पत्रिकाए मेरठ कॉलेज कार्यालय में निर्दिष्ट स्थान पर पहुचाने का दायित्व मुद्रक का होगा। इसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान नही किया जायेंगा।
20. मुद्रक के पास **जी0एस0टी0 (GST)** नम्बर होना आवश्यक है।
21. इच्छुक निविदाकर्ता पत्रिका की गुणवक्ता कागज, छपाई, जिल्दबन्दी आदि के पिछले वर्ष की पत्रिका का नमूना श्री अतुल शर्मा, मुख्य कार्यालय के पास किसी भी कार्य दिवस में देख सकते है।
22. किसी भी निविदा को कारण बताये बिना निरस्त किये जाने का अधिकार प्राचार्य के पास सर्वदा सुरक्षित होगा।
23. अग्रिम भुगतान/धनराशि मुख्य सम्पादक एवं प्रबन्ध सम्पादक की संस्तुति पर अन्तिम प्रूफ के फाईनल प्रिन्ट आउट प्रतिबन्ध सं0 16 मिलने पर प्राचार्य द्वारा विवेकानुसार स्वीकृत की जा सकती है। अन्तिम भुगतान समस्त पत्रिकाएँ कॉलेज में प्राप्त होने के पश्चात मुख्य सम्पादक द्वारा अग्रसारित किया जायेगा। उपर्युक्त किसी भी प्रतिबन्ध में शिथलीकरण पाये जाने पर सम्बन्धित की निविदा बिना कारण बताये निरस्त कर दी जायेगी।
24. निविदा के साथ पेपर का सैम्पल अवश्य लगाए।

13/04/2023

(प्रो0 एस0 एन0 शर्मा)
प्राचार्य

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. प्रो0 रामयज्ञ मौर्य, संयोजक पत्रिका समिति 2022–23, मेरठ कॉलेज, मेरठ।
2. श्री ललित शर्मा को महाविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. श्री आनन्द सिंह रावत, लिपिक मुख्य कार्यालय, मेरठ कॉलेज, मेरठ।

(प्रो0 एस0 एन0 शर्मा)
प्राचार्य